सोलर पंप लगाने में हरियाणा अग्रणी राज्य

चर्चा में क्यों?

6 जनवरी, 2022 को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा उत्थान महाभियान (पीएम-कुसुम) के तहत सूक्ष्म सिंचाई को बढ़ावा देने के लिये सौर जल पंपों की स्थापना के मामले में राज्य देश में अग्रणी है।

प्रमुख बिंदु

- मुख्यमंत्री ने ये बात वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित डिजिटल उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान किसानों को सोलर पंप प्रदान करने के दौरान कही।
- इस अवसर पर खट्टर ने सौर जल पंपिंग कार्यक्रम की एक पुस्तिका और किसानों के लिये एक उपयोगिता पुस्तिका का भी विमोचन किया।
- मुख्यमंत्री ने राज्य में 50 एचपी से कम के नलकूप, जो बिजली से चल रहे हैं और कृषि कार्यों के लिये उपयोग किये जा रहे हैं, उन्हें सौर ऊर्जा में स्थानांतरित करने का निर्देश दिया।
- खट्टर ने उपायुक्तों को सूक्ष्म सिंचाई को बढ़ावा देने और राज्य सरकार की 'हर खेत को पानी' योजना के तहत हर खेत तक पानी पहुँचाने के लिये एक विशेष अभियान शुरू करने का भी निर्देश दिया।
- मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में पिछले सात वर्षों में 25897 सोलर पंप सेट लगाए गए हैं और इस वर्ष 13800 पंप सेट लगाने का कार्य प्रगति पर है। हरियाणा गुजरात के बाद देश का दूसरा राज्य है, जिसने सौर ऊर्जा को बढ़ावा दिया है।
- उन्होंने कहा कि सरकार इन सोलर पंपों पर 75 फीसदी सब्सिडी दे रही है।
- उन्होंने कहा कि 'म्हारा गाँव जगमग गाँव' योजना के तहत प्रदेश के 5500 गाँवों में 24 घंटे बिजली आपूर्ति संभव हो गई है, साथ ही लाइन लॉस 33 से घटकर 14 प्रतिशत हो गया है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/haryana-leading-state-in-installing-solar-pumps